तापमान

अधिकतम 35.9 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

हरिभूमि
# हिसार भूमि

रोहतक, बुधवार, 1 अक्टूबर 2025



11 विद्युत नगर में श्री बद्री-केदार रामलीला का मंचन जारी...





12 जिलेभर में दुर्गाष्टमी पर कार्यक्रमों का आयोजन




## खबर संक्षेप

### 10.95 ग्राम हेरोइन सहित एक गिरफ्तार

**हिसार।** पुलिस की स्पेशल स्टाफ टीम ने रायपुर रोड से एक व्यक्ति को काबू कर 10.95 ग्राम हेरोइन बरामद की है। एएसआई सुभाष ने बताया कि पुलिस ने गश्त के दौरान सूचना के आधार पर रामनगर कॉलोनी रायपुर रोड से एक व्यक्ति को काबू किया। पूछताछ में उसने अपना नाम रामनगर कॉलोनी निवासी विकास उर्फ कालिया बताया। तलाशी लेने पर उक्त विकास उर्फ कालिया के कब्जे से पॉलिथीन की थैली में 10.95 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।

### जुआ खेलते हुए 7 व्यक्ति गिरफ्तार

**हांसी।** जुआ व सट्टा खेलने वालों के खिलाफ चलाया जा रहे विशेष अभियान के दौरान हांसी सीआईए पुलिस ने ताश के पत्तों द्वारा जुआ खेल रहे 7 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्तियों के पास से 96000 रुपये बरामद किए गए। सीआईए में तैनात एएसआई रवि ने बताया कि कि दौराने गश्त पड़ताल सुचना मिली थी कि जींद चौक के समीप कुछ व्यक्ति ताश पत्तो के साथ जुआ खेल रहे हैं। सूचना के आधार पर सीआईए पुलिस ने कार्रवाई करते हुए युवकों को 96000 रुपये के साथ गिरफ्तार कर लिया।

### अवैध देसी शराब की 12 बोतल के साथ एक काबू

**नारनौंद।** विशेष अभियान के दौरान पुलिस चौकी मिर्चपुर ने 12 बोतल अवैध देशी शराब के साथ मनीष निवासी मिर्चपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस चौकी मिर्चपुर में तैनात मुख्य सिपाही विजय कुमार ने बताया कि गश्त पड़ताल दौरान एक व्यक्ति को गांव मिर्चपुर से 12 बोतल अवैध देशी शराब सहित गिरफ्तार कर व्यक्ति के खिलाफ थाना नारनौंद में शराब अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर अवैध शराब को कब्जा पुलिस में लिया गया है।

### सट्टा खाईवाल करते युवक गिरफ्तार

**हांसी।** थाना शहर पुलिस ने सरेआम सट्टा खाईवाल करते हुए चार कुतुब गेट निवासी विजय को 4520 रुपए के साथ गिरफ्तार किया है। मुख्य सिपाही नीतू ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि उमरा रोड़ स्थित रेलवे पुल के नीचे एक व्यक्ति सरेआम सट्टा खाईवाल कर रहा है।

### नगर निगम ने 48 बेसहारा पशुओं को पकड़ा

**हिसार।** नगर निगम ने सोमवार रात्रि को कार्रवाई करते हुए शहर के विभिन्न इलाकों से कुल 48 बेसहारा पशुओं को पकड़कर गौ-अभ्यारण्य भेजा। इस अभियान का संचालन नोडल अधिकारी सुरेन्द्र वर्मा की निगरानी में किया गया। अभियान में पुलिस टीम और तहबाजारी के इंचार्ज सुरेन्द्र शर्मा व उनकी टीम मौजूद रही। एएसआई संदीप बिश्नोई ने बताया कि सूर्य नगर, शिव कॉलोनी, महाबीर कॉलोनी व ओल्ड कोर्ट कॉम्प्लेक्स क्षेत्रों से बेसहारा पशुओं को पकड़कर गौ-अभ्यारण्य पहुंचाया।

## पहले करें जागरूक, फिर समाधान, नहीं माने तो करें चालान : नीरज

**निगम आयुक्त ने अधिकारियों की बैठक लेकर दिए निर्देश**

# सफाई व्यवस्था होगी दुरुस्त खत्म होंगे सभी जीवीपी प्वाइंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

नगर निगम आयुक्त नीरज ने शहर की सफाई व्यवस्था को दुरूस्त करने की दिशा में कदम उठाते हुए जीवीपी प्वाइंट को खत्म करने का लक्ष्य दिया है। निगम आयुक्त के निर्देशों की पालना में अधिकारियों ने उन्हें बताया कि अब तक 11 जीवीपी खत्म कर दिए गए हैं। इस संबंध में आयुक्त ने निगम सभागार में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में निगमायुक्त ने सभी एएसआई को जीवीपी प्वाइंटों बारे में जानकारी देने को कहा। निगमायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सबसे पहले जनता को जागरूक करें, उसके बाद उनकी समस्या का समाधान करें, फिर भी वो जीवीपी प्वाइंटों पर अन्य में खुले स्थान पर कचरा डालते है तो भारी चालान करें।

### एएसआई ने बैठक में यह बताया

*बैठक में एएसआई ने बताया कि जो लक्ष्य हमें जीवीपी प्वाइंटों को खत्म करने का दिया गया था, उस पर लगभग 90 प्रतिशत सफलता हासिल कर ली है और शेष पर कार्य प्रगति पर है। उन्होंने निगमायुक्त को बताया कि जो 10 प्रतिशत कचरा वहां आ रहा हैं, उसमें जीवीपी प्वाइंट के आसपास के लोग, सुबह व शाम को घूमने वाले और दुपहिया वाहन वाले कचरा डालते हैं। उनकी पहचान की लिए सीसीटीवी कैमरे भी लगाए हुए हैं।*

▶▶ *सिटी थाना, शांति नगर लाइब्रेरी, कमला नगर मोड, सोहन सिनेमा, आजाद नगर स्कूल, सेक्टर 9-11 अटल मार्ग, एचएयू गेट नंबर 4 के सामने पार्क इत्यादि जगहों के पास कुल 11 प्वाइंटों को खत्म किया*



हिसार। सफाई व्यवस्था बारे बैठक लेते निगम आयुक्त नीरज।

### ये रहे मौजूद

*बैठक अतिरिक्त आयुक्त शालिनी चेतल, विशेष स्वच्छता अधिकारी हरबीर, अतिरिक्त निगमायुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा, कार्यकारी अभियंता अमित कौशिक, कार्यकारी अभियंता जयबीर डूडी, एमई सुनील लांबा, एमई अमित बेरवाल, सीएसआई राजकुमार, जेई कुलदीप, जेई राकेश सहित सभी एएसआई, करणी कारपोरेशन व वी. वाइस के एजेंसी के संचालक व कर्मचारी वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से जुड़े।*

### यहां खत्म किए जीवीपी प्वाइंट

बैठक में सीएसआई ने बताया कि कई स्थानों पर जीवीपी प्वाइंट खत्म किए गए हैं। इसमें सिटी थाना के पास, शांति नगर लाइब्रेरी के पास, कमला नगर मोड के पास, सोहन सिनेमा के पास, आजाद नगर स्कूल के पास, सेक्टर 9-11 अटल मार्ग के पास, पीएलए के सामने कृष्ण की मेन गली में, एचएयू गेट नंबर 4 के सामने पार्क के साथ, मिलेनियम पैलेस के साथ वाली गली इत्यादि को मिलकर कुल 11 प्वाइंटों को खत्म किया गया है।

### रिपोर्ट भेजना सुनिश्चित करें

इस दौरान निगमायुक्त ने सर्वे के दौरान लगने वाले आरएफ आईडी पर भी विचार-विमर्श हुआ। इस दौरान उन्होंने एजेंसी द्वारा लाए गए सैंपल भी देखे और उसमें कुछ बदलाव करने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने एजेंसी को निर्देशित किया कि ज्यादा से ज्यादा एक ही समय में आरएफ आईडी बनवाए, ताकि कार्य में कोई रुकावट न हो। निगमायुक्त ने दोनों एजेंसियों को निर्देश दिया कि प्रतिदिन सर्वे की रिपोर्ट भेजना सुनिश्चित करें।

### करणी कारपोरेशन व वी वाइस एजेंसियों से ली जानकारी

समीक्षा बैठक के दौरान निगमायुक्त नीरज ने करणी कारपोरेशन और वी वाइस एजेंसियों के संचालक और कर्मचारियों से सर्वे के कार्यों की समीक्षा की। इसमें करणी कारपोरेशन ने बताया कि एजेंसी द्वारा 12 दिन के सर्वे कार्य के दौरान 4500 घरों का सर्वे कर चुके है। उन्होंने बताया कि इसके लिए 16 कर्मचारी कार्य कर रहे है। इस पर निगमायुक्त ने कहा कि कर्मचारियों की संख्या बढ़ाकर कम से कम 40 की जाए ताकि सर्वे समय अवधि में पूरा हो सके। इसके बाद वी वाइस ने बताया कि एजेंसी को कार्य का वर्कर मिल गया है। जल्द ही सर्वे का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। इस पर निगमायुक्त ने कहा कि आप भी सर्वे के लिए ज्यादा-ज्यादा कर्मचारी लगाए ताकि सर्वे का कार्य जल्द से जल्द हो।

## नशे पर पुलिस का प्रहार

# 144 किलो 190 ग्राम डोडा पोस्त सहित सप्लायर दबोचा

**पकड़ा गया डोडा पोस्त तस्करी का असल सप्लायर**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत हिसार पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। मामले में जांच अधिकारी एएसआई शक्ति सिंह ने बताया कि गत 21 सितंबर को सीआईए स्टाफ की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर उकलाना क्षेत्र से पंजाब के मोगा के संत नगर निवासी हरपाल सिंह को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से कैंटर गाड़ी में केले की आड़ में छुपाए गए 8 प्लास्टिक कट्टों से कुल 144 किलो 190 ग्राम डोडा पोस्त बरामद किया था।

### गहनता से की जांच

मामले की गहन जांच के दौरान सामने आया कि बरामद डोडा पोस्त का सप्लायर पंजाब के गुरुद्वारा साहिब निवासी निवासी रेशम सिंह के पास, जगता पट्टी, गांव नथाना, जिला बठिंडा, पंजाब है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम गठित कर दबिश दी गई। पुलिस ने योजनाबद्ध तरीके से कार्रवाई करते हुए आरोपी रेशम सिंह को मध्यप्रदेश के रतलाम जिला के जावरा से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार सप्लायर को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत ने भेज दिया गया।

### सरकारी अस्पताल व स्वास्थ्य केंद्र कल रहेंगे खुले

**हांसी।** आगामी 2 अक्टूबर को छुट्टी वाले दिन सभी सरकारी अस्पताल व स्वास्थ्य केंद्र खुले रहेंगे तथा इस दिन भी हर रोज की तरह सभी स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ राहुल बुद्धि राजा ने बताया कि महानिदेशक स्वास्थ्य सेवाएं हरियाणा द्वारा इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि जारी आदेशों में आगामी 2 अक्टूबर को सभी सरकारी अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तथा उप स्वास्थ्य केंद्र खुले रखने के निर्देश दिए गए हैं । उन्होंने बताया कि फिलहाल सेवा पखवाड़ा तथा स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान चल रहा है।

**आदमपुर बाइपास सड़क निर्माण कार्य का लिया जायजा**

# जीएसटी सरलीकरण से पीएम ने जनता की दी राहत : बिश्नोई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आदमपुर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जीएसटी दरों में बड़े बदलाव की घोषणा करके देश की जनता को बड़ी राहत दी है। आम जनता की 90 प्रतिशत से ज्यादा चीजें सस्ती हो गई हैं। देश में इन बदलावों से 375 से ज्यादा वस्तुएं सस्ती हुई हैं। यह बात पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई ने मंडी आदमपुर में नैक्स्ट जनेरेशन जीएसटी विषय पर आयोजित कार्यक्रम में व्यापारियों के साथ बातचीत करते हुए कही। इस दौरान कार्यक्रम में आयोजक मार्केट कमेटी के नवनियुक्त चेयरमैन ठाकर दत्त, आदमपुर की उपाध्यक्ष रितु गर्ग ने उनका स्वागत किया और आभार जताया। कुलदीप बिश्नोई ने कहा कि जीएसटी की नई व्यवस्था से 99 प्रतिशत वस्तुएं 5 प्रतिशत की टैक्स स्लैब में आ गई हैं।



हिसार। सड़क बाइपास निर्माण कार्य का जायजा लेते कुलदीप बिश्नोई व अन्य।

### ये रहे मौजूद

*इस दौरान विनोद ऐलावादी, जयवीर गिल, मुनीष ऐलावादी, चंद्रपाल भादू, रमेश मंडल, राजेन्द्र सोनी, राजाराम खिचड़, सेठ घीसाराम, निरंजन बंसल, श्याम बंसल, नवीन प्रधान व्यापार मंडल, प्रेम चुली वाले, सतबीर सैनी सीसवाल, सुधीर काकड़, सुधीर असीजा, विनोद मंगाली, मनोज गर्ग, राजन ग्रोवर, महेश मोहबतपुर आदि मौजूद रहे।*

### नागरिक अस्पताल में किया पौधरोपण

हिसार। रोटरी हिसार ने नागरिक हॉस्पिटल और टीबी हॉस्पिटल परिसर में मंगलवार सुबह एक प्रेरणादायक पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया। यह कार्यक्रम पर्यावरण संरक्षण और समाज में हरित जागरूकता फैलाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। रोटरी हिसार के प्रधान डॉ. केके वर्मा की उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि सीएमओ डॉ. सपना गहलावत ने कहा कि जितने अधिक पौधे लगाए जाएंगे, उतनी अधिक शुद्ध ऑक्सीजन उपलब्ध होगी, बीमारियों का प्रकोप कम होगा और वातावरण हरा-भरा बनेगा। कार्यक्रम में डिप्टी सीएमओ डॉ. सुभाष खतरेजा, डिप्टी सीएमओ रोट. डॉ. राकेश पुरी और कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# ईवीएम वेयर हाउस में व्यवस्थाओं को जांचा

- नगराधीश ने किया निरीक्षण, अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

मुख्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नगराधीश हरिराम ने मंगलवार को राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ लघु सचिवालय परिसर में स्थापित वेयर हाउस में रखी ईवीएम मशीनों की व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा के पैमाने, सीसीटीवी कैमरा, डबल लॉक सिस्टम, जवानों की तैनाती तथा अग्निशमन व्यवस्था का जायजा लिया और अधिकारियों को अहम निर्देश भी दिए। नगराधीश ने वेयर हाउस की सुरक्षा में तैनात जवानों को पूरी मुस्तैदी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।



हिसार। ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण करते नगराधीश हरिराम।

### जांच के दौरान राजनीतिक दल के प्रतिनिधि रहे मौजूद

*नगराधीश ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से कहा कि वे नियमित जांच पड़ताल के दौरान मौजूद रहे। गौरतलब है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पूर्ण पारदर्शिता के लिए प्रत्येक मास सुरक्षा के दृष्टिगत ईवीएम का मासिक निरीक्षण किया जाता है। इस अवसर पर जिला निर्वाचन कार्यालय से स्नेह जांगड़ा, मनोज, राजनीतिक दलों में आईएनएलडी से रमेश चुघ, जेजेपी से जयप्रकाश, बीएसपी से नानक देव, सीपीआईएम से दिनेश सिवाच आदि प्रतिनिधि उपस्थित थे।*

# फंसे रुपये निकलवाने के नाम पर लाखों की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

इंश्योरेंश कंपनी में फंसे रुपये निकलवाने के नाम पर लाखों की ठगी के मामले में सिविल लाइन पुलिस ने चार लोगों पर केस दर्ज कियाा है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। इस संबंध में एचएयू से रिटायर्ड कर्मचारी बृजभूषण ने शिकायत दर्ज करवाई है। शिकायत के अनुसार उसकी उम्र 79 वर्ष है। शिकायत के अनुसार 6 दिसंबर 2020 को पवन त्यागी नाम से उसके पास फोन आया और कहा कि वह क्राइम ब्रांच से बोल रहा है। ऐसा कहते हुए उन्होंने इंश्योरेंश में फंसे रुपये निकलवाने की बात कही।

### पुलिस ने केस दर्ज किया

शिकायत के अनुसार पवन त्यागी, एसपी भारद्वाज, राजेश कुमार व राजित राम ने समय समय पर फोन करके उसे पैसे निकलवाने की बात कही। आरोपियों ने उसे 11 लाख 94 हजार 112 रुपये मंजूर करवाने की बात कही और इसके बदले में 2.8 प्रतिशत बीटीसी चार्जिंग देने की बात कही। इसके बाद उन्होंने पैसे ठगने का काम शुरू किया। इसके तहत लाखों रुपये आरटीजीएस के माध्यम से ठग लिए। पुलिस ने आरोपियों पर केस दर्ज कर लिया है।

**भगवान कृष्ण की लीलाओं और रास की दिखेगी झलक**

# हिसार में पहली बार होगा 'रास गोविन्दम' का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

शहरहिसार पहली बार एक अद्वितीय संगीतमय और आध्यात्मिक संगीत कार्यक्रम का साक्षी बनने जा रहा है। संस्कृति ग्रुप की तरफ से 'रास गोविन्दम' नामक यह आयोजन 5 अक्टूबर सायं 6 बजे से शहर के द ताज पैलेस में होगा। इस अवसर पर सुप्रसिद्ध भजन गायक हरी बोल बैंड की विशेष प्रस्तुति होगी। साथ ही मंच पर कृष्ण भक्ति पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी होंगी, जो भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं और रास की झलक प्रस्तुत करेंगी। कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए संस्कृति ग्रुप की तरफ से विनीता जैन, रेनु लाहोरिया, तरुणा ढांडा, और डेज़ी अहलावत ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य वृंदावन की पावन रास परंपरा और कृष्ण भक्ति की भावना को हिसार तक पहुंचाना है। वह चाहते हैं कि लोग न केवल संगीत का आनंद लें, बल्कि इसे अपनी आस्था और भावनाओं से भी जोड़ें।



हिसार। आयोजन बारे जानकारी देते समिति पदाधिकारी।

### हृदय को छूएगा सास्कृतिक कार्यक्रम

*उन्होंने कहा कि 'रास गोविन्दम' केवल एक सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं बल्कि यह प्रेम, भक्ति और संगीत का संगम होगा, जो हर दर्शक के हृदय को छू लेगा। हिसार की जनता को पहली बार ऐसा अनुभव मिलेगा जो उन्हें वृंदावन की भक्ति की गहराई से जोड़ देगा। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में विशेष बात ये रहेगी कि हिसार में पहली बार महाआरती का भी आयोजन होगा।*

# बाबा अनूपगिरी अखाड़ा में सम्मान समारोह कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

श्यामसुख गांव में स्थित श्री सिद्ध बाबा अनूपगिरी जी अखाड़ा (डेरा) में 2 अक्टूबर दशहरे पर्व के अवसर पर एक सम्मान समारोह, जागरण व भंडारे का आयोजन किया जाएगा। समारोह में देशभर से हजारों संत - महात्मा भाग लेंगे। अखाड़े के गद्दीसीन महंत मुकेश गिरी ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि श्री श्री 1008 गिरी पंथ के अध्यक्ष एवं बालक डेरा के महंत पृथ्वी गिरी होंगे। एक अक्टूबर को रात्रि 10:15 बजे विशाल जागरण का आयोजन, अगले दिन 2 अक्टूबर को सुबह पांच बजे मंदिरों में पूजा आरती, सवा सात बजे हवन यज्ञ शुरू होगा।

### डेरे का इतिहास 500 वर्ष से अधिक पुराना

10:15 बजे श्री गुरु गोरखनाथ जी धुणा, श्री सिद्ध बाबा अनूपगिरी जी सहित सभी संतों की समाधि पर विधि विधान से प्रसाद का भोग लगाया जाएगा और सवा ग्यारह बजे भंडारा का कार्यक्रम शुरू किया जाएगा समारोह को लेकर अखाडा में तैयारी युद्धस्तर पर चल रही। डेरे को रंग-बिरंगे लाइटों से भव्य रूप से सजाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि डेरे का इतिहास लगभग 500 वर्ष से भी अधिक पुराना है।

## पेशेवर नशा तस्करों पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# अब एक साल तक आरोपी नहीं निकल पाएंगे जेल से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

पुलिस द्वारा नशीले पदार्थों के व्यापार में संलिप्त पेशेवर तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में हिसार पुलिस ने पीटीटी एनडीपीएस एक्ट के तहत दो सक्रिय नशा तस्करों को जेल भेज दिया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस द्वारा पीआईटी एनडीपीएस एक्ट के तहत विश्वकर्मा कॉलोनी निवासी बलजीत उर्फ राजू और अंबेडकर बस्ती निवासी कुलदीप पर कार्रवाई की गई है। दोनों आरोपियों के खिलाफ हाल ही में एनडीपीएस एक्ट के तहत तीन या उससे अधिक अभियोग दर्ज हैं, जिनमें पुलिस द्वारा नशीले पदार्थ बरामद किए गए थे। फिलहाल ये मामले न्यायालय में विचाराधीन हैं। पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार पुलिस अब तक कुल 6 पेशेवर नशा तस्करों को पीटीटी एनडीपीएस एक्ट के तहत जेल भेज चुकी है। इस एक्ट के तहत ऐसे तस्करों को न्यूनतम एक वर्ष तक जेल में रहना अनिवार्य होता है। जिला पुलिस द्वारा हाल के दिनों में एनडीपीएस एक्ट के तहत जेल में रहे अन्य तस्करों की सूची भी तैयार की जा रही है।

**कार्रवाई** रिकॉर्ड और लैब की गहनता से जांच, उच्चाधिकारियों को भेजी जांच रिपोर्ट

# खंड कृषि अधिकारी कार्यालय में सीएम फ्लाइंग की रेड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

अनाज मंडी के सामने स्थित खंड कृषि अधिकारी कार्यालय पर मंगलवार को सीएम फ्लाइंग टीम ने इंचार्ज सुनैना के नेतृत्व में छापेमारी की। झापेमारी के दौरान टीम ने कार्यालय के रिकॉर्ड और कार्यप्रणाली की गहनता से जांच की। झापेमारी के लिए बीएंडआर विभाग के एक्सईएन उदयवीर झांझड़िया को बतौर ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया था।



हांसी। खंड कृषि अधिकारी कार्यालय में दस्तावेज की जांच करती सीएम फ्लाइंग टीम इंचार्ज सुनैना व अन्य

### 5 हजार सेंपल्स पेंडिंग

*छापेमारी के दौरान सीएम फ्लाइंग की टीम ने खंड कृषि अधिकारी के दो कार्यालयों की जांच की गई। टीम ने मिट्टी जांच लैब का भी निरीक्षण किया, जहां एक लैब में मिट्टी के सैंपल्स की स्थिति का जायजा लिया गया। जांच में सामने आया कि लैब में लगभग 100 सैंपल्स की जांच हो चुकी है, जबकि दूसरे लैब में करीब 5 हजार सैंपल्स की जांच पैंडिंग थी। कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इन सैंपल्स की जांच के लिए एक साल का समय शेष है और इस निर्धारित अवधि में सभी सैंपल्स की जांच को पूरा कर लिया जाएगा।*

### एक कर्मचारी छुट्टी पर मिला


ड्यूटी मजिस्ट्रेट उदयबीर झांझड़िया ने बताया कि सीएम फ्लाइंग टीम को निरीक्षण के समय एक कर्मचारी छुट्टी पर था। खंड कृषि अधिकारी सीएम फ्लाइंग टीम के कार्यालय पहुंचने के थोड़ी देर बाद कार्यालय पहुंचे। उन्होंने सीएम फ्लाइंग टीम को बताया कि वे बरसात में खराब हुई फसलों की जांच के लिए मौके पर गए थे। उन्होंने बताया कि कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा सीएम फ्लाइंग टीम द्वारा मांगे गए सभी संबंधित दस्तावेज उपलब्ध करवाए गए। ड्यूटी मजिस्ट्रेट उदयवीर झाझड़िया ने कहा कि अब तक की जांच में कोई बड़ी कमी सामने नहीं आई है। हालांकि, विभाग से संबंधित सभी रिकॉर्ड और कार्यप्रणाली का पूरा अध्ययन किया जा रहा है और उसके अनुसार रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी जाएगी।



## महाकाली से सामने आया अक्षय का फर्स्ट लुक

**मुंबई।** हनुमान फिल्म के निर्देशक प्रशांत वर्मा एक बार फिर पौराणिक कथाओं पर आधारित एक नई फिल्म लेकर आ रहे हैं। फिल्म का नाम है महाकाली। अब फिल्म महाकाली से अभिनेता अक्षय खन्ना का फर्स्ट लुक सामने आया है। शुक्राचार्य के लुक में अक्षय खन्ना काफी खतरनाक अंदाज में नजर आ रहे हैं। पोस्टर में उनके चारों ओर अंधेरा है। शुक्राचार्य के लुक में अक्षय सफेद रंग के बड़े बालों और बड़ी दाढ़ी में नजर आ रहे हैं। उनके सिर पर ऋषियों की तरह जूड़ा भी बंधा हुआ है। उनकी एक आंख पूरी तरह से सफेद नजर आ रही है। शुक्राचार्य के लुक में अक्षय को पहचानना पूरी तरह से मुश्किल लग रहा है।

लाइफ Style



## हुमा
## अरेंज मैरिज और प्यार के बीच फंसी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

हुमा कुरैशी, श्रेयस तलपड़े और सनी सिंह की कॉमेडी-ड्रामा फिल्म सिंगल सलमा का ट्रेलर मंगलवार को रिलीज हो गया है। शादी को केंद्र में रखते हुए सिंगल सलमा एक ट्रैंगल कॉमेडी-ड्रामा फिल्म है। ट्रेलर में भरपूर कॉमेडी और ड्रामा देखने को मिल रहा है।

2 मिनट 16 सेकंड के इस ट्रेलर की शुरुआत एक वॉइस ओवर और लखनऊ के रूमी दरवाजा के साथ होती है। इस वॉइस ओवर में कहा जाता है, 'हिंदुस्तान में कॅरियर और सक्सेस चाहे जितना कमा लीजिए, असली प्रमोशन सिर्फ एक चीज में है अब शादी कर लो।' इसके बाद ट्रेलर में एंट्री होती है कुंवारी सलमा यानी हुमा कुरैशी की। फिर शुरू होता है सलमा की शादी कराने का प्रयास। एक-एक करके किरदार और कैंडिडेट आते जाते हैं। इसी दौरान ट्रेलर में कॉमेडी होती रहती है। इसके बाद ट्रेलर में एंट्री होती है श्रेयस तलपड़े की, जो एक सीधे-सादे सलमा की ही उम्र के व्यक्ति बने हैं। जबकि दूसरी ओर हैं सनी सिंह, जो आजकल के जमाने के क्लब जाने वाले व्यक्ति हैं। इसके बाद सलमा, सिकंदर (श्रेयस तलपड़े) से अरेंज मैरिज करना चाहती है। लेकिन तभी उसका दिल मीत (सनी सिंह) के लिए भी धड़कने लगता है। बस यहीं से शुरु होता है सलमा की जिंदगी में कन्फ्यूजन। अब वो लखनऊ के रहने वाले सिकंदर से शादी करेगी या लंदन के रहने वाले मीत से, यह फिल्म देखने के बाद ही पता चलेगा। ट्रेलर में लखनऊ की झलक देखने को मिली है, जिससे पता चलता है कि फिल्म में भी लखनऊ भरपूर देखने को मिलेगा। ट्रेलर में कई जगह डबल मीनिंग जोक भी हैं।

हॉलीवुड मसाला



## टूट गई निकोल की दूसरी शादी

**लॉस एंजिल्स।** टॉम क्रूज की एक्स वाइफ निकोल किडमैन पर्सनल लाइफ के कारण चर्चा में हैं। उन्होंने साल 2006 में कीथ अर्बन से शादी की थी। इनके दो बच्चे हैं। पर शादी के 19 साल बाद इनका रिश्ता टूट गया है। दोनों सेपरेट हो गए हैं। निकोल इस शादी को बचाना चाहती थीं। पर लाख चाहने के बावजूद ये रिश्ता टूट गया। ऑस्कर विनर एक्ट्रेस निकोल और कंट्री म्यूजिक स्टार कीथ ने महीनों की अटकलों के बाद अलग होने का फैसला किया है।



## बेटी के साथ दुर्गा पंडाल में हुईं शामिल

**मुंबई।** दुर्गा अष्टमी के दिन अभिनेत्री बिपाशा बसु ने दुर्गा पूजा पंडाल में अपनी बेटी देवी और पति करण सिंह ग्रोवर के साथ जाकर मां दुर्गा का आशीर्वाद लिया। उनका यह वीडियो सोशल मीडिया पर फैंस के बीच जमकर वायरल हो रहा है। सोशल मीडिया हैंडल पर दुर्गा पांडाल के कई वीडियो सामने आ रहे हैं, जिनमें से एक एक वीडियो बिपाशा बसु और उनकी बेटी देवी का है। नॉर्थ बॉम्बे सर्बोजनीन दुर्गा पूजा पंडाल में बिपाशा अपने पति करण सिंह ग्रोवर और बेटी देवी के साथ दिखीं। इस दौरान बिपाशा ने पैपराजी को जमकर पोज दिए। इसके साथ ही बिपाशा ने वहां पर मौजूद सभी लोगों को शुभो अष्टमी की शुभकामनाएं दीं और सभी का शुक्रिया अदा किया। दुर्गा अष्टमी के दिन बिपाशा ने नारंगी और लाल रंगी की साड़ी, लंबे झुमके, स्लीक बन और लाल लिपस्टिक में खूबसूरत लुक अपनाया।



## काजोल-ट्विंकल के शो में पहुंची आलिया

**मुंबई।** काजोल और ट्विंकल खन्ना द्वारा होस्ट किए जाने वाले शो 'टू मच' की शुरुआत हो चुकी है। इसमें कई सितारे मेहमान बनकर पहुंच रहे हैं। अब शो में वरुण धवन और आलिया भट्ट पहुंचने वाले हैं। इस दौरान अभिनेता ने कुछ मजेदार बातें की है। काजोल और ट्विंकल के आगामी एपिसोड में वरुण धवन और आलिया भट्ट नजर आएंगे, जिसका एक प्रोमो वीडियो भी सोशल मीडिया पर सामने आया है। वीडियो की शुरुआत में वरुण धवन ने अपनी फिल्म 'मैं तेरा हीरो' का डायलॉग बोला। उन्होंने कहा, 'मैं दिखता हूं स्वीट एंड इनोसेंश स्वामी टाइप का, लेकिन मैं हूं बड़ा अजीब टाइप का।' इसके आगे आलिया को किसी बात पर जोर से हंसते हुए देखा जाता है। आगे प्रोमो में वो कहते हैं, एक फिल्म है, जिसे मैंने जब देखा तो पसंद नहीं आई थी।



## ब्रिजर्टन 4 का पहला पोस्टर हुआ जारी

**लॉस एंजिल्स।** स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स के इंस्टाग्राम हैंडल पर 'ब्रिजर्टन 4' का पहला पोस्टर शेयर किया गया है। साथ ही यह सीरीज कब दर्शकों को देखने को मिलेगी, इस बात से भी पर्दा उठ गया है। जानिए, 'ब्रिजर्टन 4' से जुड़ा यह नया अपडेट। नेटफ्लिक्स के इंस्टाग्राम हैंडल पर 'ब्रिजर्टन 4' का पोस्टर शेयर किया गया है। जिसमें एक लड़की मास्क हाथ में लिए खड़ी है। उसका चेहरा पूरा नजर नहीं आया है। इस पोस्टर के साथ कैप्शन लिखा गया है, 'तैयार हो जाइए, क्योंकि कुछ भी हो सकता है। 'ब्रिजर्टन सीजन 4' 2026 में शुरू होगा। 'ब्रिजर्टन वेब सीरीज राइटर जूलिया क्विन की बुक्स पर बेस्ड है। इसके अब तक तीन सीजन आ चुके हैं। एक सीजन में एक्ट्रेस सिमोन एश्ले भी नजर आईं। यह सीरीज एक ब्रिटिश राज परिवार के बारे में है।

टीवी मसाला



## राइज एंड फॉल' में मनीषा रानी की वाइल्डकार्ड एंट्री

**नई दिल्ली।** ओटीटी पर अशनीर ग्रोवर के शो 'राइज एंड फॉल'इन दिनों फिर से चर्चा मे है, क्योंकि मनीषा रानी ने वाइल्डकार्ड एंट्री की है। उनकी मजेदार वन-लाइनर्स, 'धनपवन साड़ी सेंटर'वाला किस्सा और फॉरेन इंग्लिश का मजाक सबको खूब भाया। ओटीटी पर अशनीर ग्रोवर का रियलिटी शो 'राइज एंड फॉल' लगाता सुर्खियों में बना हुआ है। एक ओर जहां धनश्री वर्मा के खुलासों की लगातार चर्चा हो रही है, वहीं एक सच्चाई यह भी है कि भोजपुरी सुपरस्टार पवन सिंह के जाने के बाद से शो की व्यूअरशिप कम हो रही है। अब इस शो में सबकी धड़कनें बढ़ाने वाइल्डकार्ड एंट्री हुई है मनीषा रानी की। 'बिग बॉस ओटीटी 2' में अपनी बातों, अदाओं और तेज दिमाग से धूम मचाने वाली मनीषा के आने से 'राइज एंड फॉल' में सनसनी मचने वाली है। मनीषा रानी ने शो में धमाकेदार एंट्री करते ही 6 लाख रुपए जीतने का मौका पाया और अपने आपको बेसमेंट फॉल से बचाया है। यही नहीं, उन्हें शो में एक कंटेस्टेंट को एलिमेशन के लिए नॉमिनेट करने और एक को एलिवेट करने का भी मौका मिला। मनीषा ने जहां बाली को शो से एविक्ट करने के लिए नॉमिनेट किया है, वहीं आरुष भोला एलिवेट करने का काम किया। इसके साथ ही धनश्री वर्मा को फॉल फेस करने के लिए भेजा। इसमें कोई दोराय नहीं है कि मनीषा के आने से गेम का रोमांच बढ़ गया है।

### तान्या ने बीच में छोड़ी पढ़ाई

**नई दिल्ली।** रिएलिटी शो 'बिग बॉस' का 19वां सीजन लगातार बज में बना हुआ है। इसके कंटेस्टेंट्स आए दिन सुर्खियां बटोर रहे हैं। ग्वालियर के विद्या पब्लिक स्कूल से ग्रेजुएशन करने के बाद तान्या आर्किटेक्चर की



पढ़ाई करने के लिए चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी गईं। लेकिन, अपने बिजनेस गोल्स पर फोकस करने के लिए उन्होंने पढ़ाई छोड़ दी थी। 26 साल की तान्या के इंस्टाग्राम पर 2.5 मिलियन से ज्यादा फॉलोअर्स हैं। डब्बू मलिक और ज्योति मलिक के बेटे अमाल मलिक कम उम्र से ही म्यूजिक की दुनिया में हैं। सफलता पाने के बाद भी उन्होंने पढ़ाई पूरी की। उन्होंने 'द कपिल शर्मा शो' में बताया था कि उनकी मां टीचर हैं और उन्होंने साफ कहा था कि कॅरियर के साथ-साथ पढ़ाई भी करनी है, क्योंकि वो बहुत जरूरी है। उन्होंने जमनाबाई नरसी स्कूल से पढ़ाई की और मुंबई के एनएम कॉलेज से कॉमर्स में बैचलर डिग्री हासिल की। कानपुर में जन्में गौरव खन्ना ने एक्टिंग की दुनिया में आने से पहले करीब एक साल तक आईटी फर्म में मार्केटिंग मैनेजर के तौर पर काम किया था।

## सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी से कम किए गए किसिंग सीन...

*फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' इन दिनों चर्चा में है। जल्द ही यह फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। वरुण धवन, जान्हवी कपूर, सान्या मल्होत्रा और रोहित सराफ अभिनीत रोमांटिक कॉमेडी फिल्म को केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) से यू/ए 13+ सर्टिफिकेट मिला है।*

**मुंबई।** बोर्ड की तरफ से फिल्म में मामूली संपादन की सिफारिश के बाद इसे रिलीज की इजाजत मिली है। सेंसर बोर्ड को फिल्म को मंजूरी देने से पहले दो बड़े बदलावों की जरूरत थी। पहला, 'गार्ड' शब्द को म्यूट करना, जिसका इस्तेमाल उस सीन में किया गया है जहां वरुण धवन का किरदार एक गाली को छिपाने की कोशिश करता है।



दूसरा, किसिंग सीन को लगभग 60 प्रतिशत कम करना था। इन संपादनों के बाद, फिल्म को आखिरी मंजूरी मिल गई। सेंसर सर्टिफिकेट में फिल्म की अवधि 135 मिनट 45 सेकंड या 2 घंटे 15 मिनट 45 सेकंड बताई गई है। शशांक खेतान द्वारा निर्देशित इस फिल्म में वरुण धवन के साथ जान्हवी कपूर, सान्या मल्होत्रा, रोहित सराफ, मनीष पॉल, अक्षय ओबेरॉय और अभिनव शर्मा हैं। फिल्म की एडवांस बुकिंग शुरू हो गई है। यह फिल्म धर्मा प्रोडक्शंस और मेंटर डिसाइपल एंटरटेनमेंट द्वारा बनाई गई है। शशांक खेतान के निर्देशन में बनी यह फिल्म 2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। सिनेमाघरों में यह फिल्म ऋषभ शेट्टी की 'कंतारा चैप्टर 1' से टकराएगी। वरुण धवन और जान्हवी कपूर इस फिल्म का खूब प्रचार कर रहे हैं। हाल ही में उन्होंने भोजपुरी स्टार खेसारी लाल यादव के साथ डांस करते हुए फिल्म का प्रमोशन किया था। आपको बता दें कि वरुण धवन जल्द ही फिल्म 'बॉर्डर 2' में नजर आने वाले हैं।

## ऐश्वर्या संग पोज देकर खुशी से झूमीं सिमोन



**पेरिस।** सोमवार को ब्रिटिश सीरीज ब्रिजर्टन की एक्ट्रेस सिमोन एश्ले ने अपने इंस्टाग्राम पर ऐश्वर्या राय के साथ एक फोटो शेयर कीं। सिमोन और ऐश्वर्या के कुछ वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हैं। ऐश्वर्या बहुत प्यार से सिमोन के साथ गपशप कर रही हैं। अपना मेकअप छोड़कर ऐश्वर्या ने सिमोन के साथ सेल्फी ली। सिमोन एश्ले ने ऐश्वर्या राय के साथ क्लिक की गई सेल्फी को अपने इंस्टाग्राम के स्टोरी सेक्शन में पोस्ट किया है। साथ ही इस फोटो को ऐश्वर्या राय को भी टैग किया है। साथ ही फोटो पर एक हार्ट इमोजी भी बनाया है। यह फोटो सोशल मीडिया पर भी काफी वायरल है।

### आईएमडीबी ने जारी की सबसे अधिक पॉप्युलर फिल्मों की लिस्ट

## बीते 25 साल में इन 25 फिल्मों ने जीता दर्शकों का दिल

**नई दिल्ली।** आईएमबीडी ने वैसी फिल्मों की लिस्ट जारी ही है जो पिछले 25 सालों की सबसे अधिक पॉप्युलर रहीं। इस डेटासेट में जहां शाहरुख की 20 फिल्में हैं, उसके बाद आमिर खान और ऋतिक रोशन की 11-11 फिल्में। द इंटरनेट मूवी डेटाबेस ने पिछले 25 साल की सबसे अधिक पॉप्युलर फिल्मों की लिस्ट जारी की है। इस लिस्ट में साल 2000 के बाद से रिलीज हुई कई शानदार फिल्मों के नाम शामिल हैं। आईएमबीडी की लिस्ट में 2000 से 2025 के बीच में सबसे ज्यादा सर्च की गईं फिल्में और सितारों के नाम भी शामिल हैं और इन्हें ऑल टाइम पेज व्यूज के आधार पर रैंक किया गया है। ये रिपोर्ट 130 फिल्मों पर बेस्ड है। रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2000 से 2025 के बीच अब तक की सबसे ज्यादा पॉप्युलर फिल्मों की लिस्ट जारी की गई है। वहीं, इस लिस्ट में हालिया रिलीज फिल्म 2025 की 'सैयारा' पहले नंबर पर मौजूद है। सैयारा ने विक्की कौशल की छावा को भी पीछे छोड़ दिया है जो दूसरे नंबर पर है। 2025 की लिस्ट में तीसरे नंबर पर महावतार नरसिम्हा, चौथे नंबर पर ड्रैगन और पांचवें नंबर पर कुली है।





### इस डेटासेट में हर साल की 5 फिल्में

आईएमबीडी की 130 फिल्मों पर बेस्ड इस इस डेटासेट में हर साल की 5 फिल्में हैं। साल 2000 से 2005 तक की सभी टॉप फिल्मों में शाहरुख खान लीड रोल में थे, एसएस राजामौली की दो 'बाहुबली' फिल्मों के बाद के वर्षों में हिंदी स्पीकिंग रीजन से बाहर के टाइटल में काफी तेजी देखी गई।

### शाहरुख की कमबैक को रणबीर ने दी मात

ये तो साफ है कि शाहरुख खान लंबे समय से दर्शकों के पसंदीदा हीरो रहे हैं। पिछले 25 वर्षों के आधार पर बनी इस लिस्ट में टॉप पर रहने वाली सात फिल्में हैं। दिलचस्प बात ये है कि उनकी 2023 की सभी कमबैक हिट फिल्मों को रणबीर कपूर की 'एनिमल' ने पछाड़ दिया।

### आमिर खान और ऋतिक रोशन की 11-11 फिल्में

वहीं, पूरे 130 फिल्मों के डेटासेट में, शाहरुख की 20 फिल्में हैं, उसके बाद आमिर खान और ऋतिक रोशन की 11-11 फिल्में। दीपिका पादुकोण 130 फिल्मों के डेटासेट में 10 फिल्मों के साथ सबसे लोकप्रिय फीमेल स्टार रहीं। 25 साल की के दौरान आखिरी सालों में दुनिया भर में अच्छा प्रदर्शन करने वाली फिल्मों में तेजी नजर आई।

### एनालिसिस के आधार पर ये फिल्में सबसे अधिक पॉप्युलर

| | |
|---|---|
| 2000 - मोहब्बतें | 2013 - द लंचबॉक्स |
| 2001 - कभी खुशी कभी गम | 2014 - पीके |
| 2002 - देवदास | 2015 - बाहुबली: द बिगिनिंग |
| 2003 - कल हो ना हो | 2016 - दंगल |
| 2004 - वीर-जारा | 2017 - बाहुबली 2: द कन्क्लूजन |
| 2005 - ब्लैक | 2018 - केजीएफ: चैप्टर 1 |
| 2006 - धूम 2 | 2019 - उरी: द सर्जिकल स्ट्राइक |
| 2007 - तारे जमीन पर | 2020 - दिल बेचारा |
| 2008 - रब ने बना दी जोड़ी | 2021 - पुष्पा: द राइज |
| 2009 - 3 इडियट्स | 2022 – केजीएफ: चैप्टर 2 |
| 2010 - माई नेम इज खान | 2023 – एनिमल |
| 2011 - जिंदगी ना मिलेगी दोबारा | 2024 – पुष्पा 2: द रूल |
| 2012 - गैंग्स ऑफ वासेपुर | 2025 – सैयारा |

### वो फिल्में जो लंबे समय तक ऑडियंस से कनेक्ट रही

आईएमडीबी ने उन भारतीय फिल्मों की भी लिस्ट तैयार की है जो लंबे समय तक ऑडियंस से कनेक्ट रही है। इनमें वो फिल्में हैं जिनमें रिलीज़ के कई सालों बाद भी दर्शकों की दिलचस्पी में इजाफा देखने को मिली। इन फिल्मों में विरुमंदी (2004), बैंगलोर डेज (2014), मसान (2015), प्रेमम (2015), बरेली की बर्फी (2017) और रत्सासन (2018) शामिल हैं।

## खबर संक्षेप

### न्योली कलां से सालासर पैदल यात्रा 2 से

**हिसार।** श्री सालासर बाला जी पैदल यात्रा संघ की ओर से न्योली कलां से सालासर धाम तक पैदल यात्रा निकाली जाएगी। आयोजक सुरेश ढांडा ने बताया कि यह यात्रा 2 अक्टूबर को सुबह सवा पांच बजे शुरू होगी। उन्होंने कहा कि सालासर जाने वाले यात्री उनसे संपर्क कर सकते हैं।

### 2 किया जाएगा रावण के पुतले का दहन

**हिसार।** प्रसिद्ध बीड़ बबरान धाम में 2 अक्टूबर को विजयदशमी महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर राज्य सूचना आयुक्त डॉ. जगबीर सिंह, लुवास के कुलपति डॉ. विनोद वर्मा एवं सरपंच देवेंद्र अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। इस महोत्सव में विभिन्न क्षेत्रों से काफी संख्या में श्रद्धालु हिस्सा लेंगे। इस दौरान रावण के पुतले का दहन भी किया जाएगा। इस अवसर पर श्याम बाबा के दरबार को सजाकर भव्य स्वरूप दिया जाएगा।

### वार्षिक प्रकल्प सांस्कृतिक सप्ताह का किया आयोजन

**हिसार।** भारत विकास परिषद की केशव शाखा ने सामाजिक सरोकारों से जुडक़र वार्षिक प्रकल्प सांस्कृतिक सप्ताह का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इसके तहत, निशुल्क जांच शिविर, प्लास्टिक छोडऩे के लिए रैली, महिला सशक्तीकरण पर वैचारिक मंथन, नवरात्रि महोत्सव, कंजक पूजन व बेटियों का सम्मान सहित कई आयोजन किए गए।

### पीएससी गावड़ में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**हिसार।** जिले के गांव गावड स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रवीण छिंपा के निर्देशन में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ ब्लॉक समिति चेयरमैन अजय गावड़ ने किया। शिविर में सीएचएसी आर्यनगर के विनोद के नेतृत्व में 50 लोगों को नजर के चश्मे भी वितरित किए गए। शिविर में डॉ. प्रवीण छिंपा, डॉ. दीपिका मलिक, डॉ. महक डेंटल सर्जन, डॉ. चंचल सोनी आदि माजूद रहे।

### जनता के हित में कांग्रेस की लड़ाई होगी तेज : पूनिया

**हिसार।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता वजीर सिंह पूनिया ने कहा है कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा के विपक्ष का नेता बनने व राव नरेन्द्र के प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बनने से जनता के हित में कांग्रेस की लड़ाई और तेज होगी। उन्होंने दोनों नेताओं की नियुक्ति का स्वागत करते हुए कहा कि इससे पार्टी को मजबूती मिलेगी और जनता का कांग्रेस से जुड़ाव बढ़ेगा।

### नया अध्यक्ष नियुक्त किए जाने का स्वागत किया

**हिसार।** कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता एडवोकेट योगेश सिहाग ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा को एक बार फिर कांग्रेस विधायक दल का नेता और पूर्व मंत्री राव नरेंद्र सिंह को हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी का नया अध्यक्ष नियुक्त किए जाने का स्वागत किया है। एडवोकेट सिहाग ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने सही समय पर सही निर्णय लेकर संगठन को नई ऊर्जा देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा तथा राव नरेंद्र सिंह के नेतृत्व में प्रदेश में कांग्रेस पार्टी और अधिक मजबूत होगी।

### मथुरा-वृंदावन पारिवारिक बस यात्रा तीन को

**आदमपुर।** आदमपुर, हिसार व आसपास के भक्तों के लिए शुक्रवार तीन अक्टूबर से चार दिवसीय मथुरा-वृंदावन पारिवारिक बस यात्रा का आयोजन किया जाएगा। जानकारी देते हुए श्री खाटू श्याम सालासर बालाजी सेवा समिति के अध्यक्ष अमित गोयल व मुकेश गोयल ने बताया कि यात्रा में श्रद्धालु मथुरा व वृंदावन के मंदिरों के अलावा गोवर्धन, बरसाना, नंदगांव व कोकिलावन में शनि मंदिर के दर्शन करेंगे।

---

### विद्युत नगर में श्री बद्री-केदार रामलीला का मंचन जारी, दर्शकों की रोज बढ़ रही संख्या

# लंका दहन और अंगद-रावण संवाद लीला का मंचन

## रावण के पुत्र मेघनाथ बने पंकज बतरा ने गरजना के साथ जोर आजमाया

**अंगद ने पांव जमा कर रावण के एक-एक योद्धा को ललकारा**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

विद्युत नगर में श्री बद्री-केदार रामलीला और स्वामी देवेन्द्र बृजवासी महाराज, वृन्दावन धाम, मथुरा के तत्वाधान में आठवें दिन मंचन में कलाकारों ने लंका दहन और अंगद रावण सवांद लीला का मंचन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नगर पार्षद डॉ. सुमन यादव और उनके साथ आए अन्य सदस्यों के द्वारा रामलीला का उद्घाटन किया गया रामलीला पंडाल में दर्शकों की भीड़ प्रभु श्री राम की लीला को देखने के लिए बढ़ती ही जा रही है। कलाकारों द्वारा हनुमान की आरती कर लीला मंचन शुरू किया गया सीता माता की खोज में हनुमान का लंका जाना और अशोक वाटिका में सीता माता से भेंट करना, अशोक वाटिका में कंद-फल खाकर वाटिका को नष्ट करना, हनुमान द्वारा अक्षय कुमार का वध और मेघनाद द्वारा ब्रह्मास्त्र में हनुमान को बांधकर रावण दरबार में ले जाना, तत्पश्चात विभीषण द्वारा सुझाव देकर सभी राक्षस मिलकर हनुमान की पूंछ में आग लगाना, हनुमान द्वारा सोने की लंका के महलों में आग लगाना दूसरी और मंचन में अंगद रावण प्रसंगों का मंचन आकर्षण का केंद्र रहा। रावण के दरबार में अंगद ने पांव जमा कर रावण के एक-एक योद्धा को ललकारा और अंगद की ललकार सुनकर सबसे पहले रावण पुत्र निकुंभ के पात्र में पवन ने जोर आजमाया। फिर रावण के पुत्र मेघनाथ बने पंकज बतरा ने गरजना के साथ जोर आजमाया। लेकिन रावण का कोई भी योद्धा अंगद का पांव तक नहीं हिला सका। तब रावण स्वयं पांव उठाने लगे तो पांव हटाकर अंगद ने कहा पांव छूने से मेरे न हरगिज़ मुक्ति पाएगा, पांव छू ले श्री राम के जो चाहेगा मिल जाएगा। इसके बाद अंगद युद्ध का ऐलान करता है।



हिसार। रामलीला का मंचन करते कलाकार। फोटो : हरिभूमि



हिसार। रामलीला में भगवान श्रीराम को तिलक करते हिसार मंडलायुक्त अशोक गर्ग।



नारनौंद। लोहारी राघो रामलीला में बाली वध का मंचन करते कलाकार।

### लक्ष्मण ने शूर्पणखा की नाक काटी

**हिसार।** श्रीनृसिंह प्रह्लाद रामलीला दशहरा सभा, मुलतानी चौक की ओर से मुलतानी चौक पार्क में बड़े पर्दे पर दिखाई जा रही रामलीला के आठवें दिन सोमवार को सीता हरण, जटाऊ उद्धार व सीता की खोज प्रसंग दिखाया गया। सभा के प्रधान सुरेश कक्कड़ ने बताया कि आज की रामलीला का शुभारंभ समाजसेवी अशोक सेहरा व जितेन्द्र सोनी ने श्रीराम दरबार में आरती करके किया। अखिल भारतीय सेवा संघ व मनोहर मोर्चा से जुड़े विनोद धवन, राजेन्द्र सपड़ा, संजीव राजपाल, सुभाष ढींगड़ा, हरीश चौधरी, जितेन्द्र भारती, डॉ. हेमंत आहुजा सहित अनेक सदस्यों ने विशेष रुप से आरती में भाग लिया। सभा की ओर से उन्हें पटका पहनाकर व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। लीला में दिखाया गया कि लक्ष्मण द्वारा जब रावण की बहन शरुपनखा की नाक काट दी जाती है तो क्रोधित हुआ रावण राम-लक्ष्मण को सबक सिखाने के लिए भेष बदलकर साधु के रुप में राम की कुटिया में जाता है तथा भिक्षा देने के नाम पर सीता को लक्ष्मण रेखा से बाहर बुलाकर छल से हरण कर लेता है।

### श्री राम सुग्रीव मित्रता का प्रसंग सुनाया

**हिसार।** श्री रामलीला कमेटी कटला द्वारा शहर के पुराना गवर्नमैंट कॉलेज मैदान में चल रही रामलीला में भगवान श्री राम व सुग्रीव मित्रता, बाली वध व लंका दहन प्रसंग पर मंचन हुआ। इस अवसर पर हिसार मंडलायुक्त अशोक गर्ग मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित हुए। एचसीएस आंचल गुप्ता व राकेश शर्मा अति वशिष्ठ अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। इससे पूर्व प्रशासक एन के गोयल व समिति के सदस्यों के साथ श्री गणेश पूजन किया गया। उसके उपरांत ठाकुर जी की वंदना की गई व आरती का कार्यक्रम रहा। रामलीला के मंचन को यादगार बनाने के लिए श्री राम कृष्ण कला अनुकरण संस्थान श्रीधाम वृंदावन से अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त श्री भावेश कृष्ण भारद्वाज मंडली के साथ पंडाल में पहुंचे। जबकि मंच का संचालन वीरभान बंसल ने किया। रामलीला देखने के लिए भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

### मनमोहक अंदाज में किया मंचन

**नारनौंद।** गांव लोहारी राघो में श्रीरामा रामलीला क्लब द्वारा आयोजित ऐतिहासिक रामलीला में सोमवार को श्री राम-सुग्रीव मिलन व बाली वध मंचन की धूम रही। हनुमान के किरदार में कृष्ण भ्याना नंबरदार ने बिल्कुल नए व मनमोहक अंदाज में मंचन को सजीव बना दिया। मंचन के दौरान भगवान श्री राम माता सीता की खोज में वनों का भ्रमण कर रहे थे। इस दौरान हनुमान से उनकी मुलाकात हुई। हनुमान ने उनकी मित्रता सुग्रीव से करवाई। सुग्रीव की मदद करते हुए भगवान ने बाली का वध कर दिया। इसके बाद सुग्रीव ने हनुमान समेत अन्य वानरों की मदद से सीता की खोज शुरु की। कलाकारों ने सभी लीलाओं का इस कद्र सजीव मंचन किया जो खचाखच भरे पंडाल में मौजूद दर्शकों को बेहद पसंद आया। सभी ने इस मंचन का भरपूर आनंद लिया। बाली को मरते ही लोगों ने भगवान श्रीराम के जयकारे लगाए। अंत में बाली की मृत्यु पर दुःख प्रकट करने के लिए रामलीला कलाकारों वेद्र प्रकाश चांदना, पुष्कर भ्याना व डॉक्टर जिंदर द्वारा प्रस्तुत किए गए हास्य नाटक 'बाली का स्यापा' को देख सभी दर्शक हंसी से लोट-पोट नजर आए।

---

# सरकार को महाराजा अग्रसेन के नाम पर हरियाणा विवि बनाना चाहिए : गर्ग

**बजरंग गर्ग ने मंगलवार को अनाज मंडी में पत्रकारों से की बातचीत**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष व हरियाणा अग्रवाल विकास संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने कहा कि सरकार को महान पुरुष महाराजा अग्रसेन के नाम पर हरियाणा में विश्वविद्यालय बनाना चाहिए। सरकार को किसी भी बड़े राज्य मार्ग का नाम महाराजा अग्रसेन जी पर रखना चाहिए। बजरंग गर्ग ने मंगलवार को अनाज मंडी में पत्रकार वार्ता में कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री को अपनी घोषणा के अनुसार अग्रोहा को ग्लोबल सिटी बनाने पर काम शुरू करना चाहिए। हरियाणा सरकार अगर अग्रोहा में ग्लोबल सिटी बनाती है तो अरबों रुपये का पूंजीनिवेश करवाने की हमारी गारन्टी है क्योंकि अग्रोहा धाम के साथ व्यापारियों की आस्था जुड़ी हुई है। हम देश भर के व्यापारियों से बातचीत करके अग्रोहा व उसके आसपास क्षेत्र में पूंजीनिवेश करवाएंगे। बजरंग गर्ग ने कहा कि हरियाणा सरकार ने हिसार में टैक्सटाइल हब व इंडस्ट्रीज जोन बनाने की भी घोषणा की हुई है। सरकार को अपनी घोषणा के अनुसार हिसार में टैक्सटाइल हब व इंडस्ट्रीज जोन बनाना चाहिए।



हिसार। अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग पत्रकार वार्ता करते हुए। फोटो :हरिभूमि

# पीएम ने देश की मजबूती के लिए दिया संदेश : लोहान

**आत्म निर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत कार्यकर्ताओं को किया संबोधित**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नारनौंद

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को मजबूत बनाने के लिए संदेश दिया है कि हमें हमारे देश में बनी निर्मित वस्तुओं का प्रयोग करना चाहिए। तभी हमारा देश सोने की चिड़िया कहलाएगा। यह बात आत्म निर्भर भारत संकल्प अभियान के जिला संयोजक बिजेंद्र लोहान ने नारनौंद में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहे। कार्यक्रम में भाजपा नेता अजय सिंधु ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने कहा कि हमें देश की आर्थिक स्थिति मजबूत करने के लिए देश में बनी वस्तुएं ही प्रयोग करनी चाहिए। लोगों को आगे जाकर देश में ऐसी चीजों का निर्माण करना चाहिए जो कि हम विदेशों से ले रहे हैं। जब हमारे देश में सभी वस्तुओं का निर्माण शुरू होगा तो देशवासी भी सभी वस्तुएं संदेश से ही खरीदने का काम करेंगे।




नारनौंद। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा नेता अजय सिंधु व बिजेंद्र लोहान।

#### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

इस अवसर पर मार्केट कमेटी चेयरमैन मास्टर उदय सिंह लोहान, नपा चेयरमैन शमशेर कूकन, चेयरमैन शमशेर मोर, महिला जिला अध्यक्ष नीलम जांगड़ा, पार्षद संजय खरब, मंडल प्रधान करणपाल पेटवाड़, महावीर श्योराण, कुलदीप गौतम, सुरेश एमसी, ईश्वर बडाला, सोनू सैनी, शमशेर सैनी, नरेश वर्मा, अमरजीत लोहान आदि मौजूद थे।

# टैक्निकल असिस्टेंट ठक्कर की सेवानिवृति पर सम्मान समारोह



हिसार। सम्मान समारोह में टैक्निकल असिस्टैंट ग्रेड-1 प्रवीण ठक्कर को शाल व स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए विश्वविद्यालय के कर्मचारी।

**समारोह की अध्यक्षता संघ प्रधान चरणदास अठवाल ने की, मंच संचालन महासचिव राम मेहर दुहन ने किया**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय में टैक्निकल असिस्टैंट ग्रेड-1 के पद पर कार्यरत प्रवीण ठक्कर की सेवानिवृति पर सम्मान समारोह का अयोजन किया गया। गैर शिक्षक कर्मचारी कल्याण संघ द्वारा आयोजित सम्मान समारोह की अध्यक्षता संघ प्रधान चरणदास अठवाल ने की जबकि मंच संचालन महासचिव राम मेहर दुहन ने किया। समारोह के दौरान संघ की तरफ से प्रवीण ठक्कर को शाल व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रधान चरण दास, पूर्व प्रधान जयवीर मोर, अधीक्षक मंशा देवी, उपप्रधान नेकीराम, ईश्वर सिंह, मनीश भारद्वाज, माया देवी, विकास पंघाल, राकेश कटारिया, देवेन्द्र राणा, हरीश चावला, भूषण कुमार, नवीन पूनिया, संदीप झूरिया, सुन्दर सिंह, प्रेम सुख, सुनील दुहन, मुकेश जांगड़ा सहित अनेक कर्मचरी उपस्थित थे।




हिसार। काव्य गोष्ठी में शामिल रचनाकार।

### दाना-पानी जहां का लिखा, वहीं का चुगता हर इन्सान

**हिसार।** बज्मे-ए-अदब की मासिक काव्य गोष्ठी का आयोजन क्रान्तिमान पार्क में लक्ष्मी देवी पिंगल की अध्यक्षता में किया गया। मंच का संचालन जयभगवान लाडवाल ने किया और मुख्य अतिथि श्रद्धानंद राजली थे। इस अवसर पर जयभगवान लाडवाल ने रचना प्रस्तुत करते हुए कहा कि दाना पानी जहां का लिखा वहीं का चुगता है हर इन्सान, दाने-दाने पर लिखा है खाने वाले का नाम, कहते लोग सुजान, जिसने दी है चोच वही देगा दाना पानी। रचनाकार कृष्ण इन्दौरा ने सुनाया-रोज सड़क पे छोड़ते तड़फती जान साथियो, मैने वीडियो बनाने में समझी अपनी शान साथियो। राजेन्द्र अग्रवाल ने सुनाया कि आज जिस्म में जान है तो देखते नहीं है लोग, जब रुह निकल जाएगी तो कफन उठा उठा कर देखते है लोग। रचनाकार नरेश पिंगल की बानगी देखिए-नए-नए ढंग का रिवाज आ रहा है जो कल नहीं था वो आज आ रहा है। इस अवसर पर ऋषि सक्सेना, भीमसिंह हुड्डा, इन्द्रेश पाण्डे, रमेश सैनी, भगवान दास,अमित आदि ने काव्य पाठ किया।

# पानू दंपत्ति ने महाराजा अग्रसेन कॉलेज में देहदान का लिया संकल्प

**समाज के समक्ष एक अनुकरणीय एवं सराहनीय उदाहरण प्रस्तुत किया**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

शहर के पानू दंपत्ति एडवोकेट नरेंद्र पानू एवं संतोष पानू ने समाज के समक्ष एक अनुकरणीय एवं सराहनीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। एडवोकेट नरेंद्र पानू ने अपने जन्मदिन पर अपनी देह को दान करने का फैसला लिया। उनके इस फैसले में उनका साथ देते हुए एवं अनुसरण करते हुए उनकी धर्मपत्नी संतोष पानू ने भी उनके साथ ही देहदान का फैसला किया महाराजा अग्रसेन कॉलेज अग्रोहा में दोनों ने देहदान के लिए फॉर्म भरने सहित अन्य सभी औपचारिकताएं पूरी की। एडवोकेट नरेंद्र पानू व संतोष पानू ने कहा कि यदि मृत्यु के बाद भी उनका शरीर किसी काम आ सके तो यह उनके लिए बड़े सौभाग्य की बात की होगी। यदि मानवता की भलाई में उनके शरीर का एक कतरा भी काम आ जाए तो उनका जीवन सफल हो जाएगा। मृत्यु के बाद शरीर को जलाने से न केवल हमारा वातावरण प्रभावित एवं प्रदूषित होता है बल्कि गंगा नदी में अस्थियां प्रवाहित करने से पवित्र गंगा नदी का जल भी दूषित होता है।



हिसार। अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में देहदान के लिए औपचारिकता पूरी करते एडवोकेट नरेंद्र पानी व संतोष पानू।

# गुजवि में 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार' कार्यक्रम आयोजित

**दो विशिष्ट वक्ताओं को आमंत्रित किया**

**जीवनशैली से जुड़ी चुनौतियों जैसे आधुनिक तकनीक के प्रभाव पर प्रकाश डाला**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के महिला प्रकोष्ठ के सौजन्य से 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार' कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के चौधरी रणबीर सिंह सभागार में आयोजित किया गया। इस अवसर पर दो विशिष्ट वक्ताओं को आमंत्रित किया गया। खाद्य प्रौद्योगिकी विभाग की प्रो. अलका शर्मा ने अपने व्याख्यान में जीवनशैली से जुड़ी चुनौतियों जैसे शैक्षणिक दबाव, सामाजिक अपेक्षाएं और आधुनिक तकनीक के प्रभाव पर प्रकाश डाला। मनोविज्ञान विभाग की डॉ. तरुणा गेरा ने 'महिलाओं का मनोवैज्ञानिक स्वास्थ्य' विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्षा प्रो. दीपा मंगला द्वारा स्वागत भाषण से हुआ। डॉ. सुनीता ने सभी का धन्यवाद करते हुए सभी अतिथियों, वक्ताओं और प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया।



हिसार। कार्यक्रम में विशिष्ट वक्ताओं को सम्मानित करते महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्षा प्रो. दीपा मंगला। फोटो :हरिभूमि

# सच्चा आराम तब आता जब हम अपने आप पर ध्यान देते हैं : गिरीश भाई

**हरियाणा कृषि विवि के सभागार में कार्यक्रम का आयोजन**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सभागार में छात्रों के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज के वक्ता ईवी गिरीश भाई ने 'आत्म प्रबंधन' पर एचएयू के कृषि, जीवन विज्ञान, जैव प्रौद्योगिकी के छात्र को संबोधित किया। इस अवसर पर कॉलेज डीन एसके पाहुजा भी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में लगभग 200 छात्रों ने भाग लिया। ईवी गिरीश भाई ने अपने संबोधन में कहा कि आज हम सब कुछ अपने मानसिक शांति के लिए कर रहे हैं, लेकिन वर्तमान परिस्थिति 'पीस इन पीस' (शांति टुकड़ों में बिखरी हुई) जैसी है। इन टुकड़ों को फिर से जोड़ने के लिए हमें आराम की आवश्यकता है और सच्चा आराम तब आता है जब हम स्थिति पर नहीं, बल्कि अपने आप पर ध्यान देते हैं।



हिसार। ईवी गिरीश भाई छात्रों को संबोधित करते हुए।

#### मोबाइल का कम करें इस्तेमाल

*उन्होंने कहा कि युवा थोड़ा सा खाली समय मिलते ही सोशल मीडिया पर समय बिताकर रिलेक्स होने की सोचता है लेकिन सोशल मीडिया पर बिताया गया समय उन्हें मानसिक और शारीरिक दोनों रूप से थका देता है। इसलिए मोबाइल फोन इस्तेमाल जितना हो सके कम करना चाहिए।*

## खबर संक्षेप

### साइंस ऑफ हैप्पीनेस' पर कार्यशाला आयोजित

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार (गुजविप्रौवि) की राष्ट्रीय सेवा योजना एवं सेंटर फॉर काउंसलिंग एंड वेल बीइंग के संयुक्त तत्वावधान में 'साइंस ऑफ हैप्पीनेस' विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया। विश्वविद्यालय के चौधरी रणबीर सिंह सभागार में हुई इस कार्यशाला में प्रोफेसर ई.वी. गिरीश, फैकल्टी इन मुंबई विश्वविद्यालय ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। कार्यशाला की अध्यक्षता कुलपति के तकनीकी सलाहकार एचआरएम प्रो. संदीप राणा ने की।

### छात्राओं एवं स्टाफ ने चलाया स्वच्छता अभियान

**हिसार।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (महिला) हिसार में सेवा पखवाड़े के अंतर्गत मंगलवार को विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान संस्थान की सभी छात्राओं व स्टाफ ने संस्थान परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया। संस्थान के प्रवक्ता ने बताया कि कार्यक्रमों के दौरान सभी छात्राओं को कैरियर काउंसलिंग की गई तथा 75 छात्राओं को मैसर्ज स्लीपी थ्रेड्स इंडस्ट्री हिसार का भ्रमण भी करवाया गया।

### नशा मुक्ति जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

**हिसार।** सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित नशा मुक्त भारत अभियान के तहत राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय न्याणा में मंगलवार को नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की अध्यापिका ललिता रानी ने की, जबकि जिला सुकून काउंसलर एवं नशा मुक्त भारत अभियान के मास्टर वालंटियर राहुल शर्मा मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे।

### स्व. झण्डई के जन्म दिवस पर रक्तदान शिविर 2 को

**हिसार।** थैलेसीमिया वैलफेयर सोसाइटी एवं पतंजलि योग समिति द्वारा सोसाइटी के प्रधान व संस्था के संस्थापक रहे स्व. वेद झण्डई के जन्म दिवस पर 2 अक्टूबर को सिविल अस्पताल में प्रातः 9 बजे रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। सोसायटी के सदस्य व स्व. वेद झण्डई के पुत्र सौरभ झण्डई ने बताया कि उनके पिता ने अपना सारा जीवन थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों की सहायतार्थ व जरुरतमंद लोगों को रक्त उपलब्ध करवाने में लगाया हुआ था।

### पीएमश्री स्कूल गंगवा ने जीता फुटबॉल मैच

**हिसार।** स्पोर्टस यूथ कनेक्टिंग प्रोग्राम के तहत पुलिस की कम्युनिटी पुलिसिंग टीम द्वारा गांव गंगवा में फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया। इस मैच में पीएम स्कूल गंगवा और रूट फुटबॉल अकादमी के बच्चों एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रोमांचक मुकाबले में पीएमश्री स्कूल गंगवा की टीम ने 03–02 से जीत दर्ज की। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस का यह प्रयास खेलों के माध्यम से युवाओं को जोड़ने, उनमें टीम स्पिरिट और सकारात्मक ऊर्जा को बढ़ावा देने तथा समाज में पुलिस और नागरिकों के बीच आपसी विश्वास को मजबूत करने की दिशा में सराहनीय कदम है।

# जिलेभर में दुर्गाष्टमी पर कार्यक्रमों का आयोजन

*डॉ. वंदना बिश्नोई विश्वविद्यालय में गरबा-डांडिया नाइट के उद्घाटन समारोह का आयोजन*

# नवरात्र शक्ति, भक्ति व सामूहिक उत्सव का प्रतीक : डॉ. बिश्नोई

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की प्रथम महिला डॉ. वंदना बिश्नोई ने कहा है कि नवरात्र शक्ति, भक्ति और सामूहिक उत्सव का प्रतीक हैं। इसमें गरबा नृत्य केवल मनोरंजन ही नहीं बल्कि माता दुर्गा की आराधना और सामूहिक एकता का प्रतीक माना जाता है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं को भारतीय संस्कृति और परंपराओं से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। डॉ. वंदना बिश्नोई विश्वविद्यालय के कस्तूरबा भवन (गर्ल्स हॉस्टल-1) में हुए गरबा-डांडिया नाइट के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रही थी। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में रजनी शर्मा, डॉ. सत्या सावंत तथा पंकज संधीर उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महिला छात्रावास की चीफ वार्डन प्रो. सुजाता सांघी ने कहा कि गरबा और डांडिया हमें सहयोग, अनुशासन और सामूहिकता की भावना सिखाते हैं।

*छात्राओं ने संगीत की धुन पर दी आकर्षक प्रस्तुतियां*



**हिसार।** कार्यक्रम में प्रतिभागी छात्राओं के साथ विश्वविद्यालय की प्रथम महिला डॉ. वंदना बिश्नोई। *फोटो : हरिभूमि*

#### डांडिया नृत्य प्रस्तुत कर बांधा समां

कार्यक्रम का संयोजन डॉ. अनीता रानी गिल, कोऑर्डिनेटर गर्ल्स हॉस्टल-1 एवं कृष्णा देवी, वार्डन गर्ल्स हॉस्टल-1 द्वारा किया गया। छात्राओं ने संगीत की धुनों पर डांडिया नृत्य प्रस्तुत कर समां बांध दिया। इस अवसर पर महिला छात्रावास की डिप्टी चीफ वार्डन डॉ. विनिता माथुर भी मौजूद रहीं। कार्यक्रम में अन्य अतिथियों में प्रो. सोनिका, प्रो. वंदना, डॉ. प्रज्ञा कौशिक और डॉ. सुमन सम्मिलित रहीं। इस अवसर पर छात्रावास कोऑर्डिनेटर डॉ. अनु गुप्ता, डॉ. अंजू गुप्ता, डॉ. संतोष भुक्कल, डॉ. वंदना नागल, लेडी वार्डन ऋतु यादव, ज्योति मेहता एवं छात्रावास स्टाफ भी उपस्थित रहे और उन्होंने छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।

### मलिक चौक पर आठ दिवसीय भंडारे का समापन



**हिसार।** नवरात्रों के उपलक्ष्य में लाला हरिचंद सेवा सदन, खाटू धाम के तत्वाधान में तथा सेवादार दीपक गर्ग की देखरेख में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मलिक चौक स्थित गर्ग रियल एस्टेट के बाहर आठ दिनों के लिए चलाये गये भंडारे का आज समापन कर दिया गया। नवरात्रों के दौरान रोजाना माता रानी की पूजा-पाठ के साथ पूरी-सब्जी, हलवा व काले चने का प्रसाद वितरित किया गया।




**हांसी।** पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री व महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करते स्कूल चेयरमैन आनंद यादव व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

### आनंद स्कूल में संयुक्त रूप से मनाया दुर्गाष्टमी, दशहरा, गांधी व शास्त्री जयंती

**हांसी।** मिलकपुर, आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस के सभागार में मंगलवार को दुर्गा अष्टमी, दशहरा, गांधी जयंती तथा शास्त्री जयंती का संयुक्त रूप से हर्षोल्लास के साथ आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के चेयरमैन आनंद यादव ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर विद्यार्थियों को संबोधित करते आनंद यादव ने महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेने तथा उनके बताए मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। स्कूल प्राचार्य नितीश मिश्र ने अपने संबोधन में कहा कि मध्यावधि परीक्षा और शासकीय अवकाशों के कारण समयाभाव की स्थिति उत्पन्न हो गई थी, इसी कारण सभी पर्वों व जयंती कार्यक्रमों को एक साथ मनाने का निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि त्योहार और महापुरुषों की जयंती हमारे जीवन को दिशा व ऊर्जा प्रदान करती हैं। प्राचार्य ने विद्यार्थियों को इसी क्रम में सम्मान के साथ वृद्धावस्था विषय को भी विशेष रूप से रेखांकित किया। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन समिति सदस्य मास्टर राजेंद्र, ग्राम विकास मंडल के प्रधान राजेश यादव, डॉ. धर्मपाल यादव, पूर्व प्रधान धर्मवीर, मास्टर जोगिंदर , धर्मानंद शर्मा, बलवान यादव, स्कूल डायरेक्टर साहिल यादव सहित विद्यालय स्टाफ व विद्यार्थी उपस्थित थे।

- त्योहार और महापुरुषों की जयंती हमारे जीवन को दिशा व ऊर्जा प्रदान करती हैं : प्राचार्य

### श्री काली देवी विद्या मंदिर में नन्हीं कन्याओं का किया पूजन



**हांसी।** श्री काली देवी विद्या मंदिर में मंगलवार को नवरात्रि के पावन अवसर पर दुर्गा अष्टमी का उत्सव श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और मंत्रोच्चारण से हुआ। इसके उपरांत देवी के नौ रूपों में सजी नन्हीं कन्याओं का विधिवत पूजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं एवं शिक्षिकाओं द्वारा पारंपरिक गरबा नृत्य प्रस्तुत कर भक्ति एवं श्रद्धा का अद्भुत समन्वय प्रस्तुत किया गया। पूरा विद्यालय परिसर मां दुर्गा की जयकारों से गूंज उठा। विद्यालय प्राचार्या गीता मेहता ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को नवरात्रि एवं दशहरा पर्व का महत्व बताते हुए कहा कि यह पर्व शक्ति, श्रद्धा और संस्कारों का प्रतीक है। कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण के साथ हुआ।



### एलडीएसडी स्कूल में किया कंजक पूजन

**हांसी।** एलडीएसडी पब्लिक स्कूल व पीसीएसडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार को दुर्गा अष्टमी के उपलक्ष में दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा की गई। विद्यालय की छोटी-छोटी कन्याओं की मां के नौ रूपों में पूजा करके उन्हें प्रसाद दिया गया। इस अवसर पर पीसीएसडी विद्यालय की प्राचार्या उर्मिला शर्मा ने सभी को नवरात्रों की महत्ता समझाते हुए नवरात्रि की शुभकामनाएं दी। मुख्याध्यापिका मंजू रानी ने बताया कि मां के उपवास इसलिए रखे जाते हैं ताकि माता के आशीर्वाद से हम उनकी भांति ज्ञान, बुद्धि और शक्ति आदि प्राप्त कर सकें तथा माता के उपवास हमारे समस्त शरीर को सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करते हैं।

# हर्षोल्लास से मनाई शहीद भगत सिंह जयंती

- शहीद भगत सिंह हाई स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी

शहीद भगत सिंह हाई स्कूल में सोमवार को शहीद भगत सिंह जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए स्कूल प्रिंसिपल राम अवतार सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।इस अवसर पर भगत सिंह की जीवनी पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया जिसमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को सम्मानित किया। स्कूल के विद्यार्थियों ने अपने कविताओं द्वारा भगत सिंह के जीवन पर प्रकाश डाला।




**हांसी।** हांसी शहीद भगत सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करते स्कूल डायरेक्टर सत्यवान व स्कूल अध्यापिकाएं *फोटो : हरिभूमि*

#### भगत सिंह नवयुवकों के लिए प्रेरणा स्रोत

इस अवसर पर स्कूल डायरेक्टर सत्यवान ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि भगत सिंह के बलिदान से न केवल अपने देश के स्वतंत्रता आंदोलन को गति मिली ,बल्कि नवयुवकों के लिए वह प्रेरणा स्रोत भी बन गए। हमें भी भगत सिंह की तरह साहसी एवं दृढ़ निश्चयी बनना चाहिए।

### हत्या का प्रयास करने पर एक और गिरफ्तार

**हिसार।** सदर पुलिस ने हत्या प्रयास मामले में एक नामजद आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी अनिल को पूछताछ के बाद अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस इस प्रकरण में तीन अन्य आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। जांच अधिकारी सहायक उप निरीक्षक शमशेर ने बताया कि सातरोड खास निवासी मनोज ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि इस वर्ष 23 अप्रैल को वह मोटरसाइकिल पर कैंट से अपने गांव लौट रहा था। इस दौरान टीसीपी गेट कैंट के पास, राज महल होटल के समीप पीछे से आई तेज रफ़्तार गाड़ी ने उसकी मोटरसाइकिल को टक्कर मारी। गाड़ी में सवार आरोपी सुनील उर्फ चामरिया, सुनील शर्मा उर्फ बिच्छू (वासी हांसी) व दो अन्य युवक ने उसे पकड़कर जबरदस्ती गाड़ी में डालने का प्रयास किया।

# शहीद बाबा बंदा बहादुर के जीवन पर किया सेमिनार का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी

शहीद बाबा बंदा बहादुर की जीवनी और इतिहास पर आधारित गांव खांडा सेहरी (सोनीपत) में बाबा बंदा बहादुर सिक्ख सम्प्रदाय के राष्ट्रीय संयोजक शिव शंकर पाहवा की अध्यक्षता में सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसमें पूरे देश के विभिन्न शहरों से बुद्धिजीवी व श्रद्धालुओं ने शिरकत की। सेमिनार में बाबा बंदा बहादुर पब्लिक स्कूल की ओर से प्राचार्या लवली चावला, अध्यापिका हरजीत कौर व अर्जुन कुमार ने शिरकत की। सेमिनार में कुरुक्षेत्र व मेरठ से आए वक्ताओं ने बताया कि गांव खांडा सेहरी (सोनीपत) इसलिए प्रसिद्ध है क्योंकि 1708 में उन्होंने यही डेरा डालकर मुगलों के खिलाफ लड़ाई की शुरुआत की।

- विभिन्न शहरों से बुद्धिजीवी व श्रद्धालुओं ने शिरकत की




#### सोनीपत में मुगलों को दी चुनौती

*बाबा बंदा बहादुर सिक्ख सम्प्रदाय के राष्ट्रीय संयोजक शिव शंकर पाहवा ने बताया कि सेमिनार के आयोजन का उद्देश्य समाज में और युवा वर्ग में जागरूकता लाना है ताकि वे बाबा बंदा सिंह जी की वीरता व इनके संघर्षपूर्ण जीवन से प्रेरणा ले सके।बाबा बंदा सिंह बहादुर जी ने 1708 में 500 सैनिकों के साथ खंडा सेहरी में डेरा डाला और सोनीपत की ओर कूच कर मुगलों को हराया। इस घटना ने सोनीपत में मुगलों को चुनौती दी*

### होली चाइल्ड के रितिक ने खेल महाकुंभ में जीता कांस्य पदक

**हिसार।** होली चाइल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल के होनहार छात्र रितिक ने हाल में अंबाला में आयोजित खेल महाकुंभ में आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक में तीसरा स्थान प्राप्त किया। खेल महाकुंभ में ओपन आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक प्रतियोगिता में होली चाइल्ड स्कूल के ग्याहरवीं कक्षा के विज्ञान संकाय के छात्र रितिक ने अपने शानदार प्रदर्शन से तीसरा स्थान प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता ओपन एज ग्रुप में आयोजित की गई थी, जिसमें रितिक ने पोमल हॉर्स में तीसरा स्थान हासिल किया। मैनेजिंग डायरेक्टर आर.एस. सिंधु ने रितिक की प्रशंसा करते हुए इसी प्रकार मेहनत करते रहने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्या अनीता पन्नू दलाल ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि होली चाइल्ड स्कूल में शिक्षा के साथ-साथ खेलों को भी महत्व दिया जाता है। विद्यालय के मुख्य खेल प्रशिक्षक रामनिवास श्योकन्द ने बताया कि रितिक सुबह शाम अभ्यास करता है और रितिक की मेहनत और समर्पण खेल के मैदान पर स्पष्ट रूप से नजर आता है।



# पलक-सचिन की टीम ने मारी बाजी

- छाजूराम लॉ कॉलेज में सूचना का अधिकार पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

छाजूराम लॉ कॉलेज में सूचना के अधिकार विषय पर एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन प्राचार्य डॉ. कृष्ण कुमार काजल के उदबोधन के साथ प्रारम्भ हुआ। उन्होंने बताया कि सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 ने हर नागरिक को यह अधिकार दिया है कि वह सरकारी विभागों व सार्वजनिक संस्थाओं से जानकारी मांग सके। इससे शासन पारदर्शी बनता है, भ्रष्टाचार कम होता है और नागरिकों को जवाबदेही सुनिश्चित करने का साधन मिलता है। उहोंने यह भी बताया कि यह प्रश्नोत्तरी सिर्फ़ प्रतियोगिता नहीं बल्कि सीखने और जागरूक होने का अवसर है।




**हिसार।** प्राचार्य डॉ. कृष्ण कुमार काजल के साथ प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थी।

#### 40 टीमों ने लिय हिस्सा

प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में 40 टीमों ने भाग लिया जिसमें बीएएलएलबी और एलएलबी के विद्यार्थी शामिल हुए। प्रतियोगिता में तीन चरणों का आयोजन किया गया जिसमें बीएएलएलबी प्रथम वर्ष की छात्राओं पलक और सव्य सचिन की टीम ने प्रथम, ईशा और कुनिका अंतिम वर्ष की टीम ने द्वितीय व भूमिका और रवीना द्वितीय वर्ष की टीम तृतीय स्थान हासिल किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ संतोष कुमारी और डॉ ज्योति बूरा ने किया। सहायक प्रोफेसर अनुज और देवेश ने स्कोर बोर्ड संभाला।

# भाविप ने सिंचाई विभाग कार्यालय में लगाए पौधे



हांसी। सिंचाई विभाग कार्यालय प्रांगण में पौधरोपण करते भाविप सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी

भारत विकास परिषद शाखा हांसी ने मंगलवार को नहर सिंचाई विभाग कार्यालय नहर कोठी के प्रांगण में संस्कृति के प्रथम दिन 21 पौधे ट्री गार्ड सहित लगाए। शाखा सचिव श्री चंद आहुजा ने बताया कि 1 अक्टूबर को कन्या पूजन और तुलसी वितरण, 3 को आर्य समाज में भोजन, 5 को गौशाला में सवामणी, 6 को फल वितरण, 7 को स्टेशनरी वितरण का कार्यक्रम रहेगा। इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष दयानंद महता, रणधीर सिंह , सुभाष गर्ग, प्रवीन गर्ग, भरत सिंह, नरेंद्र वर्मा, रूप सिंह, जगदीश धमीजा, पर्यावरण संयोजक राम

### महिला कॉलेज में स्टार्टअप पर प्रतियोगिता आयोजित



**हिसार।** राजकीय महिला महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग व उद्यमिता विकास प्रकोष्ठ की ओर से उद्यमिता और स्टार्ट-अप विषय पर पोस्टर निर्माण एवं प्रस्तुति प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में वाणिज्य, विज्ञान एवं कला संकाय की छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की इंचार्ज हीना पाहुजा रहीं। प्रतियोगिता में छात्राओं ने आकर्षक पोस्टरों एवं प्रभावशाली प्रस्तुतियों के माध्यम से नए व्यापारिक विचार, आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना तथा उद्यमिता की भूमिका को रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सतबीर सांगा ने छात्राओं के उत्साह और प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें जीवन में उद्यमशील सोच विकसित करने के लिए प्रेरित किया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पूजा, द्वितीय स्थान प्रिया और तृतीय स्थान पूनम ने हासिल किया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

**कार्यक्रम** स्वीकृत सिफारिशों को किसानों तक पहुंचाना सुनिश्चित करें : डॉ. गर्ग

*हकृवि में दो दिवसीय राज्य स्तरीय कृषि अधिकारी कार्यशाला का समापन*

# राज्य स्तरीय कृषि अधिकारी कार्यशाला में 19 सिफारिशों को मिली स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय के सभागार में आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय कृषि अधिकारी कार्यशाला रबी का समापन हुआ। इस कार्यशाला में प्रदेशभर के कृषि अधिकारियों और हकृवि के वैज्ञानिकों द्वारा रबी फसलों की समग्र सिफारिशों के बारे में विस्तृत चर्चा करने के साथ-साथ विभिन्न महत्वपूर्ण तकनीकी पहलुओं पर विचार विमर्श किया गया। कार्यशाला के समापन अवसर पर हकृवि के अनुसंधान निदेशक व समापन सत्र के अध्यक्ष डॉ. राजबीर गर्ग ने बताया कि दो दिवसीय कार्यशाला के दौरान अलग-अलग फसलों के लिए 19 सिफारिशों को स्वीकृति प्रदान की गई। उन्होंने हकृवि के वैज्ञानिकों तथा कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अधिकारियों से कहा कि वे स्वीकृत सिफारिशों को किसानों तक पहुंचाना सुनिश्चित करें।कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अतिरिक्त निदेशक व सह अध्यक्ष डॉ. आर.एस. ने कहा कि किसान उत्पादक संगठनों के माध्यम से प्रोसेसिंग यूनिट और कोल्ड स्टोरेज की स्थापना करना अत्यंत आवश्यक है।




**हिसार।** कार्यशाला के दौरान मंच पर उपस्थित अधिकारीगण। *फोटो : हरिभूमि*

#### कार्यशाला में स्वीकृत हुई कुछ सिफारिशें

1. पूसा बासमती 1718 : यह धान की एक अर्ध-बौनी बासमती किस्म है जो लगभग 120 सेमी लंबी होती है। इसकी बीज से बीज तक पकने की अवधि 140 दिन है। यह पारंपरिक बासमती किस्मों की तरह सुगंधित होती है। इसकी औसत धान उपज 18-20 क्विंटल प्रति एकड़ है।
2. कोटा उड़द-6 : यह मध्यम पकाव वाली (76 दिन) भूरे रंग के दानों वाली किस्म है। यह किस्म क्रिंकल विषाणु रोग व श्यामवर्ण रोग की प्रतिरोधी एवं मोज़ेक, सर्कोस्पोरा धब्बा, पर्ण कुंचन विषाणु व चूर्णिल आसिता रोगों के प्रति माध्यम प्रतिरोधी है। इसमें एफिड, फलिघुन कीट व फली मक्खी का प्रकोप काम होता है।
3. ज्वार चारा की फसल पर जस्ता व लौह तत्व की कमी के लक्षण प्रकट होने पर सिफ़ारिश किए गए खाद के साथ 0.5 प्रतिशत जिंक सल्फेट व 0.5 प्रतिशत फैरस सल्फेट का 2 प्रतिशत यूरिया के साथ फसल पर 15 दिन के अन्तर पर दो छिड़काव करें।
4. ग्वार की उत्पादकता बढ़ाने के लिए, पानी में घुलनशील उर्वरक एनपीके 19-19-19 का 1 प्रतिशत की दर से या पोटेशियम नाइट्रेट 0.5 प्रतिशत की दर से फूल आने और फली बनने की अवस्था में छिड़काव करना लाभदायक होता है।
5. धान में पत्ता लपेट सुंडी के प्रबंधन के लिए, रोपाई के 30 दिन से शुरू करके 10 दिनों के अंतराल पर ट्राइकोग्रामा कीलोनिस से परजीवीकृत 40,000-50,000 अंडे/एकड़ की दर से चार बार छोड़ें।